**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**30.05.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- ऑप्रेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के सम्मान में कांग्रेस ने शिमला में किया जय हिन्द सभा का आयोजन– मुख्यमंत्री ने प्रदेश के वीर जवानों के योगदान को किया याद।
- सर्वोच्च न्यायालय ने 15 जून को होने वाली नीट–पी.जी. परीक्षा एक ही शिफ्ट में करवाने के दिए निर्देश।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– विमल नेगी मौत मामले की सी.बी.आई. जांच में बाधा डाल रही प्रदेश सरकार।
- केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया कल सिरमौर के कालाअंब में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के नवनिर्मित अस्पताल का करेंगे शुभारम्भ।

**अब समाचार विस्तार से...........**

**जयहिन्द सभा**

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के सम्मान में जहां भाजपा देशभर में तिरंगा यात्रा निकाल रही है वहीं कांग्रेस जय हिन्द सभाओं का आयोजन कर रही है। इसी कड़ी में कांग्रेस ने आज शिमला में जय हिन्द सभा का आयोजन किया जिसमें प्रदेश के पूर्व सैनिकों व उनके परिवार को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय माकन, मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू, प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित अन्य नेता मौजूद रहे। वरिष्ठ नेता अजय माकन ने कहा कि सेना के सम्मान में देशभर में 15 स्थानों पर जयहिन्द सभा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल के वीर जवानों ने 1962, 1971 और 1999 में हुई जंग में अपने पराक्रम का परिचय दिया है। इसी तरह ऑप्रेशन सिंदूर के दौरान भी हिमाचल के वीरों ने अपना लोहा मनवाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेना के जवानों और शहीदों को नमन करने के लिए ही जयहिन्द सभा का आयोजन किया गया है।

***जय हिन्द सभा उन वीरों को नमन करती है जिन्होंने पाकिस्तान के दो टुकड़े किये थे और जो सेना ने पराक्रम हमारी तीनों सेनाओ ने दिखाया उसके लिए आज जय हिंद जनसभा का आयोजन किया गया था।***

**भाजपा**

दूसरी ओर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने ऑप्रेशन सिंदूर के सफल आयोजन के बाद प्रदेश भर में 4 सौ से अधिक तिरंगा यात्राओं में जनमानस के भारी उत्साह पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में 2 जून को सोलन के मॉल रोड पर भी एक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा का नेतृत्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा करेंगे। राजीव बिंदल ने कहा कि इस तिरंगा यात्रा के बाद पार्टी के कोर ग्रुप की बैठक का आयोजन भी किया जाएगा।

**नीट परीक्षा**

सर्वोच्च न्यायालय ने 15 जून को होने वाली नीट–पी.जी. की परीक्षा एक ही शिफ्ट में आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने ये भी सुनिश्चित करने को कहा है कि परीक्षा की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। सर्वोच्च न्यायालय ने नीट–पी.जी. परीक्षा के संचालन में पारदर्शिता की कमी को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई के दौरान ये आदेश दिए।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में टी.जी.टी. के 9 सौ 37 पद भरने की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिससे दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी पूरी हो सकेगी। शिमला ज़िले में चौपाल के नन्हार में

एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रदेश में पी.जी.टी. के 7 सौ पद भरे गए हैं, जिसमें से अधिकतर को दूरदराज क्षेत्रों में लगाया गया है। रोहित ठाकुर ने कहा कि शिक्षा विभाग गुणात्मक शिक्षा देने के लिए समर्पण से कार्य कर रहा है।

**अनिरूद्ध सिंह**

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ करने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। वे आज शिमला स्थित आई.जी.एम.सी. में ''संक्रमण के प्रति शून्य सहनशीलता'' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला के समापन पर बोल रहे थे। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार डॉक्टर–मरीज अनुपात और नर्स–मरीज अनुपात को सुनिश्चित करने पर कार्य किया जा रहा है, ताकि उन्हें काम के लिए बेहतर वातावरण मिल सके।

**मेला**

सोलन ज़िले की चण्डी पंचायत में दो दिवसीय ज़िलास्तरीय मेला आज सम्पन्न हो गया। समापन अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि मेले व उत्सव हमारी संस्कृति की पहचान हैं और वर्तमान समय में इनका संरक्षण ज़रूरी है। इस दौरान स्थानीय विधायक राम कुमार चौधरी भी मौजूद रहे।

**कृषि**

किन्नौर ज़िले की कल्पा पंचायत से आज विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य देशभर में कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर और टिकाऊ बनाना है। ये राष्ट्रव्यापी अभियान 12 जून तक चलेगा जिसमें 20 राज्यों के करीब डेढ़ करोड़ किसानों को शामिल किया जाएगा। किन्नौर ज़िले में ये अभियान 15 स्थानों पर चलाया जाएगा। कल्पा में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें इन योजनाओं से लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। उधर, स्पीति घाटी के कोमिक गांव से विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया गया है। ये अभियान कृषि विज्ञान केन्द्र ताबो द्वारा चलाया गया है।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार विमल नेगी की मौत के मामले की सी.बी.आई. जांच में बाधा डालने का प्रयास कर रही है। एक बयान में उन्होंने कहा कि न्यायालय द्वारा इस मामले की सी.बी.आई. जांच के आदेश के बाद सरकार में हड़कम्प है और भ्रष्टाचार उजागर होने के डर से सभी की नींद उड़ी हुई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री की शह पर सी.बी.आई. जांच रूकवाने के लिए शिमला पुलिस अधीक्षक द्वारा न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल करवाई गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मामले की सी.बी.आई. जांच होने देने और इस जांच में सहयोग देने का आग्रह किया है।

**अस्पताल**

केन्द्रीय श्रम व रोज़गार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया कल 31 मई को सिरमौर ज़िले के कालाअंब में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 30 बिस्तरों वाले नवनिर्मित अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर अस्पताल के निर्माण में योगदान देने वाले श्रमिकों को भी सम्मानित किया जाएगा। करीब सौ करोड़ रूपए की लागत से बने इस आधुनिक अस्पताल से एक लाख से अधिक लाभार्थियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इससे सिरमौर सहित पड़ोसी ज़िलों के लोगों के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे और उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित होगी।

**शब्द**

प्रसार भारती–प्रसारण और प्रसार के लिए साझा ऑडियो–विजुअल, पीबी शब्द ने यूट्यूबर्स, पॉडकास्टर्स और वीडियो संपादकों को निःशुल्क सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित किया है। पीबी शब्द कॉपीराइट–मुक्त, प्रामाणिक और उपयोग में सुरक्षित सामग्री के लिए एक उत्कृष्ट स्रोत है।

**रैली**

चम्बा ज़िला मुख्यालय में आज वन अग्नि जागरूकता बाईक रैली का आयोजन किया गया। ये रैली पर्यावरण चेतना को बढ़ावा देने और वनों में आग को रोकने के बारे में लोगों को जागरूक करने के

उद्‌देश्य से करवाई गई। मुख्य वन अरण्यपाल अभिलाष दामोदरन ने रैली को हरी झण्डी दिखाई। उन्होंने कहा कि वनों को आग से बचाने में लोगों की भागीदारी ज़रूरी है।

**मौसम**

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज सुबह के समय व्यापक वर्षा हुई। हालांकि दोपहर बाद मौसम साफ होने से अधिकतर स्थानों पर धूप खिली है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने आकाशवाणी को बताया कि चार जून तक प्रदेश भर में मौसम के इसी तरह बने रहने और 31 मई और पहली जून को भारी बारिश के साथ आंधी और ओलावृष्टि का अनुमान है।

***हमारे पास एक वेस्टर्न डिस्टर्बेन्स और साथ में इस्टर्न की हवाएं चल रही हैं और इनके चलते मोईश्चर काफी हिमाचल प्रदेश तक पहुंच रहा है। इसके चलते ये एक्टीविटी हमारे पास हुई और ये एक्टीविटी अभी कुछ दिन चलने के चांसिज़ हैं और कल और परसो में थोड़ा एक दो जगह पर हिमाचल प्रदेश में हैवी बारिश होने के भी चांसिस हैं जिसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।***

मौसम विभाग ने चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिला के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम में आए इस बदलाव से प्रदेश में लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ राहत मिली है।

**बाली**

प्रदेश पर्यटन निगम के अध्यक्ष आर. एस. बाली ने कहा है कि युवाओं को रोज़गार उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने धर्मशाला में कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक 38 हजार से अधिक युवाओं को कौशल विकास निगम की विभिन्न योजनाओं के तहत नामांकित किया गया है।

**कांगड़ा प्रशासन**

कांगड़ा ज़िला प्रशासन ने विकास परियोजनाओं के लिए वन संरक्षण अधिनियम के तहत मंजूरी के मामलों में सभी बाधाओं को दूर करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। इसी कड़ी में आज धर्मशाला में हुई बैठक में उपायुक्त हेमराज बैरवा ने अधिकारियों को विकास परियोजनाओं में वन स्वीकृति मामलों का तुरंत निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विकास परियोजनाओं को गति देने के लिए विभागों के बीच बेहतर तालमेल पर भी बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि वन भूमि और गैर वन भूमि के मामलों की पहचान को लेकर भी विभागों की मदद से ज़िला प्रशासन तत्परता से कार्य करेगा।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- ऑप्रेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के सम्मान में कांग्रेस ने शिमला में किया जय हिन्द सभा का आयोजन– मुख्यमंत्री ने प्रदेश के वीर जवानों के योगदान को किया याद।
- सर्वोच्च न्यायालय ने 15 जून को होने वाली नीट–पी.जी. परीक्षा एक ही शिफ्ट में करवाने के दिए निर्देश।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– विमल नेगी मौत मामले की सी.बी.आई. जांच में बाधा डाल रही प्रदेश सरकार।
- केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया कल सिरमौर के कालाअंब में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के नवनिर्मित अस्पताल का करेंगे शुभारम्भ।